(ख) राज्य में ऐसे नये बूथों के आवंटन के लिये इस समय कितने आवेदन पत्र लंबित पड़े हैं ; और

(ग) ये आवेदन-पत्र विचार के किस चरण में हैं और इनका जिले-वार ब्यौरा क्या है ?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम)** : (क) गुजरात में 31-7-73 की स्थिति के अनुसार चालू एस०टी०डी०/आई०एस०डी०/पी०सी० ओ० की संख्या 5354 है ।

(ख) और (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दिया जायेगा ।

**Post offices in village Panchayat of the country**

2524. SHRIMATI KAMLA SINHA:
SHRI RAJAN PRASAD YADAV:

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have decided to open post-offices in every village panchayat of the country;

(b) if so, whether Bihar State has been covered under this scheme; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) to (c) The post offices are opened in Panchayat Headquarters on a priority basis subject to the fulfilment of departmental norms, availability of resouces and within Plan targets approved by Planning Commission. During Annual Plan 1993-94, a target has been fixed to open 600 extra departmental branch post offices in the whole country. During this peroid, a target of opening 30 extra departmental branch post offices in tribal areas and 60 extra departmental branch post offices in other areas has been fixed for Bihar Circle.

**Seeling of MTNL Shares to foreign Investment Bankers**

2525. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether MTNL popose to sell its shares to foreign investment bankers;

(b) if so, what are the details thereof stating the considerations which weighed with Government to sell MTNL shares to foreign bankers; and

(c) what are the conditionalities, if any, laid down and the implications involved therein?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No such proposal is under consideration at present.

(b) and (c) Do not arise in view of (a) above.

**भारतीय डाक और तार अधिनियम का उल्लंघन**

**2526. श्री अजीत जोगी :**
**चौधरी हरि सिंह :**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गैर-सरकारी व्यक्ति और पार्टियां भारतीय डाक और तार अधिनियम, 1885 का उल्लंघन करते हुए स्टार टी० वी०, सी०एन०एन० और अन्य विदेशी टी० वी० नेटवर्क के माध्यम से दूरदर्शन के कार्यक्रम देख रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम)** (क) दूरदर्शन कार्यक्रमों को सामान्य जन दूरदर्शन के चैनलों पर सीधे देखते हैं । इन कार्यक्रमों को विदेशी टी० वी० जैसे : स्टार टी०वी०, सी०एन०एन०